# भूगोल
# Geography
# (316)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## Tutor Marked Assignment

**कुल अंक : 20**
**Total Marks : 20**

**टिप्पणी**: (i)सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।
**Note:** All questions are compulsory. The Marks allotted for each question are given beside the questions.

(ii)उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना, नामांकन संख्या, अध्ययन केंद्र का नाम ओर विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।
Write your name, enrollment numbers, AI name and subject on the first page of the answer sheet.

**Q.1 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** **2**
**Answer any one of the following questions in about 40- 60 words.**

(a) अपनी स्व अध्ययन सामग्री के चित्र 2.15 में दिए गए ज्वालामुखियों के वितरण को देखकर ज्वालामुखियों के कम प्रभाव वाले किन्हीं दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए। (पाठ 2 देखें)
After observing the distribution of volcanoes given in figure 2.15 in your Self Learning Material, identify any two areas which are less vulnerable from volcanoes. (See Lesson 2)

(b) आपके क्षेत्र में पाए जाने वाले प्रवाहित जल के किसी एक स्रोत का नाम बताइए। यह आपके समुदाय के लिए किस प्रकार महत्वपूर्ण है? कोई दो कारण बताइये। (पाठ 4 देखें)
Name any one source of running water found in your area. How it is significant for your community? Give any two reasons. (See Lesson 4)

**Q2 .** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग **40-60** शब्दों में दीजिए। **2**
**Answer any one of the following questions in about 40- 60 words.**

(a) कल्पना कीजिए कि यदि आयनमंडल वायुमंडल में स्थित नहीं है, तो हम किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं? किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। (पाठ **6** देखें)
Imagine if Ionosphere is not located in atmosphere, then what kind of challenges we could phase? Mention any two challenges. (See Lesson 6)

(b) अपने अनुभव के आधार पर अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले किन्हीं दो प्रकार के संघनन की पहचान कीजिए। उन महीनों का भी उल्लेख कीजिए जब ये दोनों प्रकार के संघनन हुए थे। (पाठ **8** देखें)

Identify any two types of condensation found in your area based on your experience. Also mention the months when these two types of condensations took place. (See Lesson 8)

**Q3 .** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग **40-60** शब्दों में दीजिए। **2**

**Answer any one of the following questions in about 40-60 words.**

(a) किन्हीं दो घटनाओं का उल्लेख कीजिए जिन्हें आपने हाल ही में सुना है और उन्हें संकट के रूप में चिह्नित किया जा सकता है लेकिन आपदा के रूप में नहीं। प्रत्येक के लिए एक कारण दीजिए। (पाठ 13 देखें)

Mention any two incidents which you heard recently and can be marked as hazard but not disaster. Give one reason for each. (See Lesson 13)

(b) अपने स्वयं के अवलोकनों के आधार पर अपने क्षेत्र में भूमि क्षरण के किन्हीं चार कारणों की पहचान कीजिए। (पाठ 14 देखें)

On the basis of your own observations, identify any four causes of land degradation in your area. (See Lesson 14)

**Q4.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। **4**

**Answer any one of the following questions in about 100 -150 words.**

(a) 'हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया है।' दिए गए कथन के आधार पर भारत में हरित क्रांति के किन्हीं चार प्रभावों का वर्णन कीजिए। (पाठ 17 देखें)

'The Green Revolution has made India self-reliant in terms of food grain production.' On the basis of given statement illustrate any four impact of Green Revolution in India .' (See Lesson 17)

(b) 'महाराष्ट्र देश में सूती वस्त्र का अग्रणी उत्पादक है। मुंबई कपड़ा मिलों का प्रमुख केंद्र रहा है। अभी भी अकेले मुंबई में लगभग आधी सूती कपड़ा मिलें स्थित हैं। इसी कारण से इसे भारत का 'कॉटनपोलिस' भी कहा जाता है।' कोई चार तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए। (पाठ 19 देखें)

'Maharashtra is the leading producer of cotton textile in the country. Mumbai has been the major centre of textile mills. About a half of the Cotton textile mills are still located in Mumbai alone. Because of this reason, it is also called as 'Cottonpolis' of India.' Justify the statement by giving any four arguments. (See Lesson 19)

**Q5.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। **4**

**Answer any one of the following questions in about 100 -150 words.**

(a) चित्र 21.5 (भारत: जनसंख्या घनत्व-2011) के आधार पर अपने राज्य का घनत्व एवं घनत्व क्षेत्र चिन्हित कीजिए। आपके राज्य में पाये जाने वाले घनत्व के कोई दो कारण बताइये। (पाठ 21 देखें)

On the basis of Figure 21.5 (India: Density of Population – 2011), mark the density and density zone of your state. Give any two reason of the density found in your state. (See Lesson 21)

(b) 'स्वच्छता जीवन जीने का एक तरीका है।' कोई चार तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए। (पाठ 25 देखें)

'Sanitation is a way of life.' Justify the statement by giving any four arguments. (See Lesson 25)

Q.6 **नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए।** 6

Prepare any one project out of the given below:

(a) अपने आस-पास के क्षेत्रों में स्थित किन्हीं दो उद्योगों की पहचान कीजिए। अपने क्षेत्र में इन उद्योगों के स्थानीयकरण के कारणों अर्थात कच्चे माल के स्रोत, बाजार आदि को जानने के लिए अपने परिवार या अपने पड़ोस के बुज़ुर्गों से बात कीजिए। अब, अपने निष्कर्षों के आधार पर इन दोनों उद्योगों के स्थानीयकरण पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। (पाठ 19 देखें)

Identify any two industries located in your nearby areas. Talk to elders in your family or in your neighbourhood to find the reason behind location of these industries in your area i.e sources of raw material, market etc. Now, on the basis of your findings prepare a report on location of these two industries. (See Lesson 19)

(b) अपने पड़ोस में कम से कम 10 घरों का सर्वेक्षण कीजिए ताकि उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी औषधीय पौधे की पहचान की जा सके। दिए गए प्रारूप में जानकारी एकत्रित कीजिए:

Conduct a survey of atleast 10 households in your neighborhood to identify the use of any medicinal plant by them. Collect the information in given format :

| **परिवार** Family | किसी औषधीय पौधे का उपयोग **Use of any medicinal plant** | | **यदि 'हाँ'** **If 'Yes'** | | **यदि नहीं** **If 'No'** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **हाँ** **Yes** | **नहीं** **No** | औषधीय पौधे का नाम **Name of Medicinal plant** | **लाभ** **Benefits** | **उपयोग न करने का कारण** **Reason to not use** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |
| 6. | | | | | |
| 7. | | | | | |
| 8. | | | | | |
| 9. | | | | | |
| 10. | | | | | |

एकत्रित जानकारी का विश्लेषण कर 'मेरे क्षेत्र में औषधीय पौधों के उपयोग' पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। (पाठ 25 देखें)

Analyse the information collected and prepare a report on the 'Use of Medicinal Plants in My Area'.

(See Lesson 25)